# DR. BABASAHEB AMBEDKAR OPEN UNIVERSITY
(Established by Government of Gujarat)
'Jyotirmay' Parisar,
Dr. Babasaheb Ambedkar Open University Marg,
Sarkhej-Gandhinagar Highway, Chharodi, Ahmedabad - 382 481
E-mail : gargi.research@baou.edu.in | website : www.baou.edu.in


ता. १७/०२/२०२५

## ' गार्गी-महिला सर्वांगीण विकास केन्द्र

## अनुसंधान प्रस्ताव – 2025

डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर ओपन यूनिवर्सिटी में 'गार्गी-महिला सर्वांगी विकास केन्द्र' की स्थापना महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, विकास पर ध्यान केंद्रित कर महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण करने के उद्देश्य से की गयी है. विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि की ग्रामीण और शहरी हर उम्र की महिलाएँ जैसे आदिवासी महिलाएँ, विधवाएँ, शारीरिक रूप से विकलांग महिलाएँ, ट्रांसजेंडर और यौनकर्मी जेसी महिलाएँ इस केंद्र से जुड़ रही हैं और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव देख पा रही हैं.

यह केंद्र प्रतिवर्ष महिलाओं से महिलासंबंधी किसी भी विषय पर अनुसंधान के लिए कुल ₹25,000/- का अनुदान प्रदान करता है. इस वर्ष पुनः महिलाओं द्वारा महिला संबंधी किसी मुद्दे पर अनुसंधान के लिए प्रस्ताव आमंत्रित है. अनुमोदन के लिए अनुसंधान प्रस्ताव की सॉफ्ट कॉपी gargi.research@baou.edu.in इस ईमेल आईडी पर दिनांक **20/04/2025** तक भेजी जा सकती है.

- ### अनुसंधान प्रस्ताव के लिए दिशानिर्देश :

  - यह अनुसंधान प्रस्ताव मात्र महिलाओं तथा ट्रांसजेंडर/ट्रांसवीमेन के लिए ही वैध है.
  - आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि है.
  - अनुसंधान की अवधि चयन समिति द्वारा तय की गई तारीख से छह (06) महीने की होगी.
  - जाँच और चयन समिति द्वारा अनुमोदित अनुसंधान प्रस्तावों को कुल ₹25,000/- का अनुदान दिया जाएगा, जिसका भुगतान दो किश्तों में - ₹5,000/- प्रस्ताव के अनुमोदित हो जाने पर और ₹20,000/- अनुसंधान पूर्ण कर लघु शोधप्रबंध (हार्डबाउंड) यूनिवर्सिटी में जमा कराने और उसके मूल्यांकन की सकारात्मक रिपोर्ट मिल जाने पर किया जाएगा.
  - अनुसंधान प्रस्तावों के विषय महिलाओं से जुड़े होने चाहिए,

- **निम्नलिखित के समान किसी भी व्यापक क्षेत्र से विषय का चुनाव किया जा सकता है :**

- उच्च शिक्षा
- दूरस्थ शिक्षा
- साहित्य
- कला
- संस्कृति
- आरोग्य – स्वास्थ्य
- लिंग अध्ययन
- सतत विकास लक्ष्य
- वैश्वीकरण
- संगठित और असंगठित क्षेत्र में रोजगार
- संरक्षण
- कड़ी मेहनत – परिश्रम
- सरकार की नीतियां
- लोकतंत्र, राजनीति और शासन
- अन्य संबंधित क्षेत्र / विषय

- **शोध प्रस्ताव में संक्षेप में तथा लघु शोधप्रबंध के रूप में प्रस्तुत होने वाली अंतिम रिपोर्ट में विस्तारपूर्वक निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया जाना चाहिए**

- अनुसंधान विषय
- पृष्ठभूमि और अध्ययन के संदर्भ
- प्रस्तावित अध्ययन का उद्देश्य
- संबंधित साहित्य की समीक्षा
- प्रयोग की जाने वाली शोध प्राविधि
- अपेक्षित परिणाम
- प्रस्तावित समयसीमा
- आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता
- ग्रंथसूची और संदर्भ (MLA 8वां संस्करण / APA 7वां संस्करण).
- शोध प्रस्ताव की न्यूनतम शब्द सीमा 1000 शब्द और अधिकतम 1500 शब्द होनी चाहिए.
- शोधप्रस्ताव और लघु शोधप्रबंध अंग्रेजी, गुजराती और हिंदी भाषाओं में स्वीकार किए जाते हैं.
- सभी प्रस्तावों की जाँच और चयन समिति द्वारा समीक्षा की जाएगी.
- जाँच और चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा.

- प्रत्येक अनुसंधान प्रस्ताव के साथ-साथ अंतिम अनुसंधान रिपोर्ट में साहित्यिक चोरी (प्लेजियारिज्म) की जाँच यूनिवर्सिटी द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से अनिवार्य रूप से की जाएगी.
- किसी भी प्रस्ताव या अंतिम रिपोर्ट में 10 (दस) प्रतिशत या उससे अधिक साहित्यिक चोरी पाए जाने पर उसे अयोग्य या अस्वीकार कर दिया जाएगा.
- इस योजना के तहत यूनिवर्सिटी को प्रस्तुत किए गए अनुसंधान प्रस्ताव अन्यत्र प्रस्तुत या प्रकाशित नहीं होने चाहिए. अन्य प्रकाशनों या पत्रिकाओं में एकीकृत सबमिशन को उल्लंघन के रूप में देखा जाएगा और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा.
- कॉपीराइट अधिनियम के उल्लंघन के परिणामस्वरूप कानूनी मामले के लिए लेखक पूरी तरह से जिम्मेदार है.
- लेखिका अनुसंधान प्रस्ताव और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले कॉपीराइट और अन्य स्पष्टीकरण (यदि कोई हो) प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं.

- प्रस्ताव तथा लघु शोधप्रबंध का फ़ॉर्मेट निम्नानुसार होना चाहिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **पेज ओरिएंटेशन** | **पोर्ट्रेट** |
| 2. | **पेज साईज** | **लैटर / A4 साईज** |
| 3. | **मार्जिन** | **सभी तरफ 1 इंच** |
| 4. | **शीर्षक का फॉण्ट** | **मंगल/एरियल यूनिकोड, बोल्ड, 14 पॉइंट** |
| 5. | **उपशीर्षक का फॉण्ट** | **मंगल/एरियल यूनिकोड, बोल्ड, 12 पॉइंट** |
| 6. | **बॉडी टेक्स्ट (अनुच्छेद)** | **मंगल/एरियल यूनिकोड, 12 पॉइंट** |

- **अनुसंधान प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 20/04/2025**
- **किसी भी प्रश्न / पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें:**

  gargi.research@baou.edu.in

# शपथ पत्र

**आवेदक का नाम एवं पता :**

प्रति,

'गार्गी' – महिला सर्वांगीण विकास केंद्र,

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी,

ज्योतिर्मय परिसर,

छारोड़ी, अहमदाबाद – ३८२४८१

**विषय : 'गार्गी' महिला सर्वांगीण विकास केंद्र अंतर्गत स्त्री केन्द्रित शोध परियोजना के लिए अध्येता वृत्ति योजना.**

आदरणीय,

मैं ........................................................................................ 'गार्गी' महिला सर्वांगीण विकास केंद्र अंतर्गत शोध परियोजना के लिए (फेलोशिप) अध्येता वृत्ति के तहत स्वीकृत हुई शोध परियोजना ................................................................. पूर्ण कर पाँच हार्डकॉपी में यूनिवर्सिटी को जमा करा रही हूँ.

मैं शपथ पूर्वक कहती हूँ कि यह परियोजना मेरे द्वारा ही पूर्ण की गई है, एवं प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध मेरा मौलिक लेखन है. मैंने इस परियोजना को पूर्ण करने में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी के 'गार्गी' महिला सर्वांगीण विकास केंद्र द्वारा निर्धारित किए गए शोध परियोजना अध्येता वृत्ति के सभी नियमों का पालन किया है. पूर्ण अध्येता वृत्ति प्राप्त करने के बाद मैं उक्त परियोजना और लघु शोध प्रबंध का पूर्ण स्वामीत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी को सौंपती हूँ.

**हस्ताक्षर**

**स्थान :**

**दिनांक :**